हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 अप्रैल 2024
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

04 भाजपा कार्यालय पर फहराया पार्टी ध्वज ...



07 बंपर आवक से कृषि मंडी की व्यवस्था ध्वस्त उपज लेकर...



**लोकसभा क्षेत्र**
सीधी

**1 भाजपा प्रत्याशी**
डॉ. राजेश मिश्रा

**2 कांग्रेस प्रत्याशी**
कमलेश्वर पटेल

**पिछली बार कौन जीता**
रीति पाठक

**जीत का अंतर**
2 लाख 86 हजार 524

## क्या रहेंगे मुद्दे?

विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने गारंटियों की बात की थी, इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गारंटी देने लगे। चुनाव में दोनों की गारंटियां चल रही हैं। भाजपा कहती है कि 'कोई भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेगा यह मोदी गारंटी है। राजनीति में परिवारवाद को पनपने नहीं देंगे, यह मोदी की गारंटी है।' दूसरी तरफ कांग्रेस पांच वर्गों को न्याय दिलाने की बात कर रही है। इसके साथ पार्टी की लगभग दो दर्जन गारंटियां भी हैं। दोनों दलों के अपने राष्ट्रीय और प्रादेशिक मुद्दे हैं। भाजपा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कराए गए कार्य गिना रही है तो कांग्रेस उनकी सरकार में किए कार्य बता रही है।

### परिसीमन में सामान्य होने के बाद लगातार जीत रही भाजपा, समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में भाजपा के बागी अजय

# सीधी में भाजपा भारी पर माहौल एकतरफा नहीं, कांग्रेस दे रही कड़ी टक्कर

*सीधी से सांसद रहीं रीति पाठक इस बार मैदान में नहीं हैं। भाजपा ने उनके स्थान पर डॉ. राजेश मिश्रा को प्रत्याशी बनाया है। बाहर से देखने पर भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है, लेकिन माहौल एकतरफा नहीं है। कांग्रेस की ओर से मैदान में उतरे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल कड़ी टक्कर दे रहे हैं। भाजपा को बगावत का सामना भी करना पड़ा है। राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह पार्टी से इस्तीफा देकर गोंगपा के टिकट पर मैदान में कूद गए हैं। सीधी क्षेत्र में आदिवासी मतदाताओं की तादाद अच्छी-खासी है। हर विधानसभा क्षेत्र में काफी तादाद में गोंगपा के परंपरागत वोट बताए जाते हैं। इनके सहारे अजय प्रताप हार-जीत के समीकरण बिगाड़ने की कोशिश में हैं। भाजपा को सीट पर कब्जा बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करना पड़ रही है।*

**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ▶▶ भोपाल

विंध्य अंचल की सीधी लोकसभा सीट से सांसद रहीं रीति पाठक को भाजपा ने विधानसभा का चुनाव लड़ाया था। अब वे विधायक हैं। उनके स्थान पर प्रत्याशी बनाए गए डॉ. राजेश मिश्रा कांग्रेस के साथ कड़े मुकाबले में फंसते दिख रहे हैं। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कमलेश्वर पटेल उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। वजह दो हैं। पहला, क्षेत्र में पटेल सहित पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की अच्छी-खासी तादाद और दूसरा, भाजपा के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह का पार्टी से बगावत कर मैदान में उतरना। जहां तक सीधी सीट के राजनीतिक मिजाज का सवाल है


डॉ. राजेश मिश्रा


कमलेश्वर पटेल

तो 2008 के परिसीमन के बाद यह सामान्य हुई है। तब से सीट पर भाजपा का कब्जा है। 2009 का पहला चुनाव गोविंद मिश्रा जीते थे। इसके बाद 2014 और 2019 के दो चुनाव भाजपा की ही रीति पाठक जीतीं। 2008 से पहले सीट अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। तब कभी कांग्रेस और कभी भाजपा जीतती थी। सीधी में भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी बदलने से राजनीतिक सीमकरण भी बदले हैं। जैसे अब तक भाजपा को सिंगरौली क्षेत्र में एकतरफा वोट मिल रहा था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा, क्योंकि कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल का इस क्षेत्र में अच्छा असर है। उनके परिवार के लोग यहां रहते हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने समर्थन किया तो क्षत्रिय और उनके प्रभाव वाला वोट भी भाजपा को नहीं मिलेगा। बचा खुचा अजय प्रताप सिंह ले जा सकते हैं। इसके अलावा सीधी क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के मतदाताओं की तादाद अच्छी है। कमलेश्वर के पिता स्व इंद्रजीत कुमार का क्षेत्र में हर कोई सम्मान करता है। इसमें कोई शक नहीं कि भाजपा के डॉ. राजेश मिश्रा साफ-सुथरी छवि के हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता उनकी बड़ी ताकत है। क्षेत्र में भाजपा का स्थाई वोट बैंक है। हालांकि राजेश बसपा से विधानसभा का एक चुनाव लड़कर हार चुके हैं। वे बाद में भाजपा में आए।

### विस में भाजपा ताकतवर कांग्रेस की हालत पतली

चार माह पहले नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अपनी 2018 वाली स्थिति बहाल रखी है। पहले भी उसके पास 8 में से 7 सीटें थीं, अब भी हैं। 2018 में क्षेत्र की आठ में से सिर्फ एक सीट सिहावल में कांग्रेस के कमलेश्वर पटेल जीते थे, जबकि 2023 में कांग्रेस के अजय सिंह चुरहट की सीट जीते। कांग्रेस के हालात पिछली बार जैसे इस मायने में भी हैं कि 2018 में अजय सिंह विधानसभा चुनाव हारे थे और 2019 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। इसी तरह इस बार 2023 में विधानसभा हारे कमलेश्वर को कांग्रेस ने लोकसभा का टिकट दे दिया। अजय सिंह को 2 लाख 86 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से पराजय का सामना करना पड़ा था। कमलेश्वर पटेल कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह 4 जून को मतगणना के दिन पता चल सकेगा।

### तीन जिलों में फैला है सीधी लोकसभा क्षेत्र

भागौलिक दृष्टि से सीधी लोकसभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। पिछले चुनाव तक यह दो जिलों सीधी और शहडोल तक था, लेकिन बाद में सिंगरौली नया जिला बन गया। इसके बाद इसकी सीमा तीन जिलों को छूने लगी। लोकसभा की सीमा में आने वाले आठ विधानसभा क्षेत्रों में से सीधी जिले की चार विधानसभा सीटें चुरहट, सीधी, सिहावल और धौहनी आती हैं। सिंगरौली जिले की तीन सीटें चितरंगी, देवसर और सिंगरौली हैं जबकि एक सीट व्यौहारी शहडोल जिले की है। इनमें से सिर्फ चुरहट में कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस के अजय सिंह 27 हजार 777 वोटों के अंतर से जीते हैं। शेष सभी सीटों में भाजपा काबिज है। उसकी जीत का अंतर कुल मिलाकर 2 लाख 2 हजार से ज्यादा है। इससे भाजपा की ताकत का पता चलता है।

### अजा-जजा, ब्राह्मण पिछड़ों का दबदबा

परिसीमन से पहले सीधी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित थी। क्षेत्र की 8 में से 3 विधानसभा सीटें इस वर्ग के लिए आरक्षित हैं। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए भी एक विधानसभा सीट आरक्षित है। दोनों वर्ग के मतदाताओं की तादाद 4 लाख के आसपास बताई जाती है। इसके बाद ब्राह्मण और पिछड़े वर्ग के लगभग बराबर 3-3 लाख मतदाता हैं। पिछड़ों में पटेलों के अलावा काछी और यादव बड़ी तादाद में हैं। ब्राह्मणों के एकमुश्त वोट भाजपा के पाले में जाने की संभावना है। पटेलों के साथ कुछ अन्य पिछड़ी जातियां कांग्रेस के साथ जा सकती हैं। भाजपा के बागी गोंगपा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह क्षत्रियों और आदिवासियों के कुछ वोट ले जा सकते हैं।

### शासन के मापदंडों का नहीं रखा जा रहा ध्यान, जिम्मेदार अधिकारी भी बेखबर

# गेहूं खरीदी के नाम पर की जा रही धांधली!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



प्रदेश में इन दिनों गेहूं खरीदी का काम चल रहा है, जिसके तहत आगर मालवा जिले में भी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की जा रही है। गेंहू खरीदी के नाम पर गेंहू खरीदने वाली संस्थाएओं द्वारा खरीदी के नाम पर जमकर धांधली मचा रखी है। शासन के नियमानुसार किसानों से आने वाले गेंहू को सबसे पहले चेक करके सिर्फ एफ ए क्यू गेंहू ही खरीदना है। साथ मे खरीदने के पूर्व गेंहू की साफ- सफाई करके छ्लना भी लगाना है। लेकिन जिले के कई स्थानों पर गेंहू खरीदने वाली संस्थाओ द्वारा खरीदा जाने वाले गेंहू की ना तो गुणवत्ता जांच की जा रही है, ना ही एफ ए क्यू का ध्यान रखा जा रहा है। सबसे बड़ी रोचक बात तो ये है की कुछ वेयरहाउस पर संस्था प्रबंधक रात के अंधेरे मे बड़ा खेल कर रहे है, किसानों से आने वाली गेंहू की ट्रालियो को रात के अंधेरे मे वेयरहाउस के अंदर बुलाकर गेंहू का ढेर लगवाया जा रहा है। ओर फिर उसे अंदर के अंदर ही तौला जा रहा है। जिसके कारण ना तो गुणवत्ता वाला गेंहू खरीदा जा रहा है ना ही गेंहू मे हो रही मिलावट पर ध्यान दिया जा रहा है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बड़ोद तहसील मे ये गौरख धंधा खुले आम देखने को मिल रहा है। बड़ोद तहसील मे लगने वाले कुछ वेयरहाउसो पर रात 8 बजते ही गोदाम मे अंदर ट्रॉली खाली होने का सिलसिला शुरु हो जाता है जो की रात की 10 बजे तक चलता है। जबकि शासन की नीति के अनुसार रात मे ना तो वेयरहाउस पर माल खाली हो सकता है, ना ही जमा हो सकता है। लेकिन शासन के सारे मापदंडो को दरकिनार करते हुवे वेयरहाउस संचालक एवं खरीदी करने वाली संस्थाओ द्वारा इस तरह का खेल रात के अंधेरे मे किया जा रहा है। ऐसे मे रात के अंधेरे मे वेयरहाउस मे खाली होने वाले गेंहू की गुणवत्ता का ध्यान रखा जा रहा है, ना ही गेंहू पर छलना लगाया जा रहा है, ना ही गेंहू की एफ ए क्यू को चेक किया जा रहा है।

#### ब्लैक लिस्टेड गोदाम हुए अनब्लॉक

गेंहू खरीदी का ये खेल यही तक सीमित नही है, इस पूरे खेल के साथ- साथ सबसे बड़ा खेल ये है की इस वर्ष एफ सी आई द्वारा आगर मालवा जिले के पांच गोदामों को ब्लेक लिस्टेड किया गया था, लेकिन अधिकारियो के मेहरबानी के चलते गोदाम ब्लेक लिस्टेड से तो हटे ही साथ ही उन गोदामों पर तत्काल खरीदी भी शुरु कर दी गई। जबकि आगर जिले के ही अन्य गोदाम वर्तमान मे खाली पड़े है । इसमे भी बड़ा रोचक तथ्य ये हे की ये पांचो गोदाम अनियमित्ताओ के चलते प्रमुख सचिव एफ सी आई द्वारा ब्लेक लिस्ट किये गये थे लेकिन सारी अनियमितताओ को दरकिनार करते हुवे अधिकारियों द्वारा पांचो गोदाम को ब्लेक लिस्ट से हटाने की अनुशंशा कर दी गई। ओर जैसे ही ब्लेक लिस्ट से हटे तत्काल उनपर खरीदी केंद्र बना दिये गये, मानो जैसे अधिकारी खरीदी केंद्र बनाने की सारी व्यवस्थाए पहले से ही करके बैठे हो । अब जैसे ही उन गोदाम पर खरीदी केंद्र बने रात के अंधेरे मे गेंहू खरीदी का गोरख धंधा शुरु हो गया । सबसे बड़ी बात ये हे की उक्त पूरे खेल की जानकारी जिले के तमाम अधिकारियो को होने के बावजूद भी सभी अधिकारी आँखे बंद करके इस खेल को होता देख रहे है।

#### कभी भी हो सकती है घटना

रात के अंधेरे मे वेयरहाउस मे ट्रैक्टर खाली होने का सिलसिला बदस्तूर जारी है, जिससे हमेशा घटना, दुर्घटना होने का डर बना रहता है। अंधेरे मे कोई ट्रैक्टर ट्राली से कभी को टक्कर लग गई या कुछ दुर्घटना हो गई तो उसका जवाबदार कौन होगा, ये सबसे बड़ा सवाल है। लेकिन न तो वेयरहाउस संचालक ओर न ही खरीदी करने वाली संस्था ओर न ही अधिकारी इस तरफ ध्यान दे रहे है।

#### इनका कहना है

गेहूं खरीदी करने वाली संस्थाओं को गोदाम के शटर या गोदाम के गेट पर ही खरीदी करना है, गोदाम के अंदर खरीदी करने के शासन के निर्देश नहीं है, साथ ही नान एफ ए क्यू वाला गेहूं नहीं खरीदना है। गुणवत्ता वाला गेहूं ही खरीदना है।

**एंनएस भाटी,** उपायुक्त, सहकारिता,आगर मालवा

## बगलामुखी मंदिर पर निःशुल्क भंडारे को लेकर हुई बैठक

**माता रानी को लगेगा छप्पन भोग, कन्या पूजन के साथ होगा शुभारंभ**



**नलखेड़ा।** विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा स्थल पर चैत्रीय नवरात्रि के दौरान संचालित होने वाले निःशुल्क भंडारे को लेकर पीतांबरा सेवा समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को भंडारा परिसर में किया गया जिसमें समिति सदस्यो द्वारा कई निर्णय लिए गए। नवरात्रि पर्व पर होने वाले निःशुल्क भंडारा के संचालन को लेकर पीताम्बरा सेवा समिति सदस्यों की बैठक शनिवार को शाम 4 बजे संपन्न हुई। बैठक मैं यहां निर्णय लिया गया। नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ बगलामुखी मंदिर पर वर्ष की दोनों नवरात्रि पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा निःशुल्क भंडारा संचालित किया जाता है। इस वर्ष भी चैत्रीय नवरात्रि के दौरान 9 अप्रैल को नवरात्रि के प्रथम दिवस सुबह 10.30 बजे मां बगलामुखी को छप्पन भोग लगाने के बाद भंडारा परिसर में कन्या पूजन किया जावेगा। जिसमें बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं द्वारा भाग लिया जावेगा। उसके पश्चात निःशुल्क भंडारा प्रारम्भ होगा। जो पर्व के 9 दिनों तक ही संचालित रहेगा।



#### श्रद्धा सुमन किए अर्पित

शनिवार को आयोजित उक्त बैठक में पीतांबरा सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय बनेसिंह राजपूत गोठड़ा के आकस्मिक निधन पर दो मिनिट का मौन रखकर उनके चित्र पर समिति सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए ।

## शिव महापुराण कथा का होगा भव्य आयोजन







**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम टिकोन स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेवजी के दिव्य धाम पर चैत्री नवरात्रि पर्व के दौरान शिव महापुराण कथा का भव्यतम आयोजन 9 अप्रैल से प्रारंभ होगा। ग्राम टिकोन मैं राम देवजी महाराज का प्रसिद्ध स्थान है जहां पर रामदेव जी के सेवक श्री शिवनारायण पाटीदार प्रतिदिन बैठक कर भक्तों के दुख, कष्ट, संकटों का निवारण करते हैं। वही रामदेव जी की गादी से वर्ष भर की भविष्यवाणी भी भक्तों के समक्ष करते हैं। ऐसे दिव्य दरबार में राम देवजी महाराज की अनन्य कृपा और नयागाँव वाले श्री बालाजी महाराज (श्री गुरुजी) की असीम कृपा से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पावन चैत्र नवरात्रि मे शिव महापुराण का भव्य आयोजन 9 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होने जा रहा है। जहां प्रतिदिन दोपहर 12 से 4 बजे तक महंत श्री राधेश्याम व्यास जी अपने मुखारविंद से शिव महापुराण कथा का वाचन करेंगे। कथा के इस आयोजन में बड़ी संख्या में बाबा री भक्त के साथ अन्य श्रद्धालु भक्तों द्वारा भाग लिया जाएगा। कथा के दौरान धाम पर होने वाली पेशी (बैठक) का समय प्रतिदिन शाम 07 बजे से रहेगा।

### कार्यकर्ताओं ने योजनाओं की जानकारी देने बनाई योजना

# 89 मतदान केंद्रों पर मना भाजपा का स्थापना दिवस

**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस का कार्यक्रम नलखेड़ा मंडल के 89 मतदान केंद्रों पर भारतीय जनता पार्टी के मतदान केंद्र के प्रवासी कार्यकर्ता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया गया। उक्त जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया द्वारा बताया गया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार मंडल के समस्त मतदान केंद्रों पर मतदान केंद्र के प्रभारी, मतदान केंद्र के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान केंद्र की बैठक, मतदान केंद्र पर निवास करने वाले केंद्र एवं राज्य की योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क एवं मतदान केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी का झंडा लगाकर नागरिकों से संपर्क करते हुए केंद्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी नागरिकों को प्रदान कर भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया।





### नगर सहित क्षेत्र में मनाया भाजपा स्थापना दिवस

**कानड़।** कानड़ मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारी ने अपने-अपने बूथ पर पंडित दीनदयाल जी को चित्र पर माल्या अर्पण कर मोदी जी के सुशासन आत्मनिर्भर भारत महिला सशक्तिकरण के साथ-साथ देश को और प्रबल सशक्त आत्मनिर्भर हो इस हेतु प्रत्येक बूथ 370 मत भाजपा के पक्ष में बढ़ाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मंडल महामंत्री मुकेश केलकर ने अपने ही बुथ गाजरिया 284 ओर 285 जगत पूरा में स्थापना दिवस मनाया। झंडावली में अजय चौहान कलमोई में अंतर सिंह दौलतपुर पचेटी में फूल सिंह गुर्जर और ईश्वर सिंह गुर्जर पटेल बिजना खेड़ी में धनसिंह राजपूत कानड़ में बने सिंह चौहान, अंकुर शिंदे बटावदा में कविता शर्मा, घुरासिया में महेश शर्मा रघुनाथ खींची, भ्याना में मंगल सिंह राजपूत गोविंद सिंह राजपूत और प्रत्येक बूथ पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया।



### सिद्धम पूर्णा श्री की दीक्षा का एक वर्ष पूर्ण होने पर धार्मिक आयोजन के साथ जीव दया की गई





**नलखेड़।** नगर और तिलगोता परिवार की बेटी जिन्होंने सांसारिक सुख वैभव का त्याग कर जैन भगवती दीक्षा अंगीकार की उसी उपलक्ष्य में परम पूज्य सिद्धम पूर्णा श्री जी म.सा की प्रथम दीक्षा तिथि के अवसर पर परिवार की ओर से विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। शुक्रवार को साध्वी सिद्धम पूर्णा श्री जी म.सा की प्रथम दीक्षा तिथि के अवसर पर प्रितेश कुमार प्रेमचन्द तिलगोता परिवार के द्वारा जैन आराधना भवन में सामूहिक सामायिक और चौवीसी एवं सुबह श्री चंदा प्रभु जैन श्वेतांबर मंदिर जी में परमात्मा का भक्ताम्बर पाठ के साथ अभिषेक कार्यक्रम रखा गया।

**गौशाला में गायों को चारा खिलाया गया :** परम पूज्य सिद्धम पूर्णा श्री जी म.सा के दीक्षा को एक साल पूर्ण होने पर जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप युवा यूनिक के द्वारा जीवदया के कार्य करते हुए कृषि उपज मंडी के समीप गौशाला मैं गायो को चारा खिलाया गया।इस अवसर पर ग्रुप के दंपति सदस्य उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मानस चौहान ने बड़े पर्दे पर दिखाया जलवा



**देवास।** शहर के कलाकार भी फिल्म जगत में अपना नाम कमा रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुई एक बॉलीवुड फिल्म जिसका नाम गुडलक है जो सिनेमाघरों में 5 अप्रैल से दिखाई जा रही है। इस फिल्म में देवास के आर.एस.डी.ए. डांस क्लास के कोरियोग्राफर मानस चौहान ने डॉक्टर की भूमिका निभाते हुए साँग पप्पी चौकन्ना में शानदार डांस भी किया है। इस फिल्म की शूटिंग उज्जैन, इंदौर, मुम्बई एवं आसपास की जगहों पर की गई है। देवास वासियों के लिए गर्व की बात है कि हमारे शहर का बेटा आज बड़े पर्दे पर देवास का नाम रोशन कर रहा है।

### श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज मनाएगा महर्षि गौतम जयंती

**देवास।** गुर्जर गौड़ ब्राह्मण नगर सभा सचिव अमित पंडित ने बताया कि गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के आधार स्तंभ, पूज्य वर, आद्य ऋषि, न्याय शास्त्री, प्रेरणा स्त्रोत एवं अक्षपाद महर्षि गौतम जयंती महोत्सव प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महर्षि गौतम जयंती गौतम आश्रम पर धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी के अंतर्गत 8 अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत डांस और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 9 अप्रैल को महर्षि गौतम ऋषि का पूजन एवं महाआरती कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा । कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील संतोष दुबे, मुरली मनोहर दुबे, अनुपमा पाठक, प्रखर शर्मा, अरुण शर्मा आदि ने की है।

### बृहनमहाराष्ट्र मंडल का स्थापना दिवस मनाया

**देवास।** बृहनमहाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली और महाराष्ट्र समाज देवास के संयुक्त तत्वावधान में मंडल का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वृद्धाश्रम में फलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मंडल के सचिव और समाज अध्यक्ष दीपक कर्पे, न्यास अध्यक्ष संजय कोटस्थाने, प्रबंधक सदाशिव जोशी, शुभदा एवं दिलीप बाकरे, शिरीष खडीकर, डॉ. दिवाण, शीलनाथ आरस, उदय कस्तुरे, प्रकाश कोरडे, मिलिंद वैद्य के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा ने मनाया पार्टी का 45वां स्थापना दिवस, जुटे कई कार्यकर्ता

# भाजपा कार्यालय पर फहराया पार्टी ध्वज महापुरुषों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण

स्थापना दिवस पर सैकड़ो ने भाजपा की सदस्यता की ग्रहण।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी ने अपना 45वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपलिया विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, शरद पाचुनकर ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में झण्डा फहराया। इसी के साथ महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, रवि जैन, संजय दायमा, मनोहर जाधव, जुगनू गोस्वामी, भारत सिंह पटलावदा, अजय तोमर, प्रतीक सोलंकी, आलोक साहू, तनय चौधरी, राहुल गोस्वामी, नयन कानूनगो, विजय सिंह सहित पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सैकड़ों लोग पार्टी में शामिल हुए। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी एवं न्यू ज्वॉइनिंग टोली के जिला संयोजक पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष रायसिंह सेंधव के समक्ष जिला कार्यालय में शनिवार को सैकड़ों कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों से जुड़े नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर सुरेश चौधरी गुर्जर प्रदेश महासचिव गुर्जर विकास संगठन एवं पूर्व अध्यक्ष देवास जिला अभिभाषक संघ एवं - विशेष लोक अभियोजक एस.सी.एस.टी. एक्ट के अंतर्गत देवास- पूर्व जिला अध्यक्ष म.प्र.कांग्रेस सेवादल जिला देवास म.प्र.पूर्व जिला अध्यक्ष- म.प्र. कांग्रेस कमेटी विधि एवं मानव अधिकारी विभाग जिला देवास प्रदेश महा सचिव म.प्र.कांग्रेस कमेटी विधि एवं मानव अधिकारी विभाग म.प्र., राधेश्याम वर्मा एवं देवनारायण कनासिया जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ देवास, ओमप्रकाश श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष इंटक, जगदीश जलोदिया सेवानिवृत्ति सहकारी निरीक्षक एवं प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ मध्य प्रदेश सहित देवास विधानसभा में 60, सोनकच्छ विधानसभा में 117, हाटपीपल्या विधानसभा में 93, बागली विधानसभा में 128, खातेगांव विधानसभा में 114 लोगों इस तरह देवास जिले में कुल 600 से अधिक जनप्रतिनिधियों ने भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायकों ने अंगवस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का परिवार निरंतर बढ़ रहा है। आपका परिवार में स्वागत है। पार्टी की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर आप सभी पार्टी में शामिल हुए हैं। देवास विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के प्रति हर व्यक्ति का विश्वास बढ़ा है। विभिन्न समाज के गणमान्यजन बड़ी संख्या में पार्टी से जुड़ रहे हैं। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने कहा क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कार्य करने के लिए आप सभी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है। आप सभी इस परिवार के अभिन्न सदस्य बनकर हम सभी के साथ काम करेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव खंडेलवाल, देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भैरूलाल अटारिया, पूर्व पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, पूर्व महापौर सुभाष शर्मा, शरद पाचुनकर, जिला महामंत्री मनीष सोलंकी, पंकज वर्मा, रवि जैन, जुगनू गोस्वामी, भारत सिंह पटलावदा, अजय तोमर, प्रतीक सोलंकी, आलोक साहू, तनय चौधरी, राहुल गोस्वामी, नयन कानूनगो, विजय सिंह सहित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नरवाई जलाने पर किसानों पर 15-15 हजार का अर्थदंड

ग्राम चंदाना का है मामला



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्राम चंदाना में नरवाई जलाने पर 02 किसानों पर 15-15 हजार का अर्थदंड आरोपित किया गया है। देवास जिले के किसानों से आग्रह है कि किसान खेतों में फसल अवशेष (नरवाई) ना जलावें, फसल कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों में आग लगाने से पर्यावरण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। भूमि में उपलब्ध जैव विविधता समाप्त हो जाती है। जिले में नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय होगी। जो दो एकड़ से कम पर 02 हजार 500, दो एकड़ से अधिक व 5 एकड से कम पर 05 हजार रूपये और 05 एकड़ से अधिक पर 15 हजार रूपये अर्थदण्ड वसूला जायेगा। नरवाई जलाने से भूमि में उपस्थित सूक्ष्म जीव एवं केचुआं सहित पशु-पक्षी आदि विभिन्न जीव जलकर नष्ट हो जाते हैं। इनके नष्ट होने से खेत की उर्वरकता पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। फसल अवशेषों को खेत में ही मिट्टी पलटने वाले हल से या रोटावेटर से मिलाएं, जिससे खेत की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि होगी। गेहूं की फसल काटने के पश्चात जो तने की अवशेष अर्थात नरवाई होती है, उसमें लगभग नत्रजन 0.50 प्रतिशत, स्फूर 0.6 और पोटाश 0.8 प्रतिशत पाया जाता है, जो नरवाई में जलकर नष्ट हो जाता है। भूमि की ऊपरी पर्त में उपलब्ध आवश्यक पोषक तत्व आग लगने के कारण जलकर नष्ट हो जाते हैं। भूमि की भौतिक दशा खराब हो जाती है, भूमि कठोर हो जाती है, जिसके कारण भूमि की जलधारण क्षमता कम हो जाती है। इसके फलस्वरूप फसलें जल्दी सूखती है। भूमि में होने वाली रासायनिक क्रियाएं भी प्रभावित होती है, जैसे कार्बन व नाइट्रोजन एवं कार्बन और फास्फोरस का अनुपात बिगड़ जाता है, जिससे पौधों को पोषक तत्व ग्रहण करने में कठिनाई होती है। नरवाई की आग फैलने से जन-धन की हानि होती है एवं पेड़ पौधे जलकर नष्ट हो जाते हैं। गेहूं फसल के दाने से डेढ़ गुना भूसा होता है। अर्थात एक हेक्टर में 40 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होगा तो भूसे की मात्रा 60 क्विंटल होगी और इस भूसे से 30 किलो नत्रजन, 36 किलो स्फूर, 90 किलो पोटाश प्रति हेक्टर प्राप्त होता है।

## गंगा पार्क कॉलोनी में चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान मनाया गणेश जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



समाज में आज के समय में संस्कार गोष्ठियों का आयोजन होना चाहिए, क्योंकि हमारी युवा पीढ़ी वर्तमान में संस्कार विहीन हो रही है। हम उत्सव तो मना रहे हैं, लेकिन उत्सव का महत्व हम भूलते जा रहे हैं।

धीरे-धीरे हमारी परंपराएं समाप्त होती जा रही हैं। माताएं आज के समय मे अपनी मांग में सिंदूर की जगह कुमकुम भर रही हैं, जबकि सिंदूर दान की परंपरा पूर्वकाल से चली आ रही है। सिंदूर का हमारी संस्कृति में वैज्ञानिक, धार्मिक व आध्यात्मिक रूप से बड़ा महत्व है। यह विचार मोहरी कुआं तोड़ी स्थित गंगा पार्क कॉलोनी के पास चल रही श्री शिव महापुराण कथा के पांचवे दिन व्यासपीठ से पुष्पानंदन महाराज कांटाफोड़ वाले ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा, कि विकारों से बचने के लिए संस्कार अनिवार्य है, इसलिए सनातन धर्म में 16 संस्कारों की परंपरा विद्यमान की गई है। 16 संस्कारों का निर्माण महादेव के द्वारा किया गया।

16 श्रृंगारों का रहस्य पार्वती ने शिव महापुराण के माध्यम से समाज को बताया है। आयोजित हो रही कथा में श्रीगणेशजी का जन्मोत्सव प्रजापति कांकरवाल परिवार व श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। आयोजक मंडल एवं श्रद्धालुओं ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना कर महाआरती की। कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है।

## बस ट्रक में घुसी, कई यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




इंदौर से शाजापुर जा रही एक तेज रफ्तार बस शिप्रा थाने के समीप ट्रक से जा टकराई जिसमें करीब आठ से दस यात्रियों को चोट लगी है। सूचना मिलने के बाद 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी घायल यात्रियों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 4 बजे यात्री बस करीब 30 यात्रियों को लेकर इंदौर से शाजापुर के लिए निकली थी। बस में सवार विनोद मंडलोई ने बताया कि बस का ड्रायवर इंदौर से ही बस को बहुत तेज गति से चला रहा था शिप्रा थाने के समीप बस असंतुलित होकर ट्रक से टकरा गई जिसमें बस में सवार करीब आठ से दस यात्रियों को मामूली चोटे लगी है। शिप्रा थाने से महज कुछ दूरी पर हुए हादसे के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने सभी घायलों का उपचार किया। प्रारंभिक जांच में हादसा बस ड्रायवर की लापरवाही के कारण होना बताया जा रहा है। हादसे के बाद आगे चल रहा ट्रक ड्रायवर मौके से भाग निकला।

### जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रधानाचार्य घुले हुई पुरस्कृत



**देवास।** ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला स्तरीय प्रधानाचार्य सत्रांत बैठक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर विजयनगर में आयोजित की गई। इसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मेंढकीचक का जुलाई माह का संपूर्ण जिलांश जमा करने, समर्पण राशि, क्षेत्रीय प्रतियोगिता, कला, कौशल, निबंध प्रतियोगिता में जिलेभर में प्रथम स्थान मिलने पर प्रधानाचार्य सुनीता घुले को शील्ड भेंटकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर गुरुचरण वर्मा, विष्णु आर्य, नरेंद्र पाटीदार, अरविंद भंडारी, जसपाल सेंधव, ज्ञानेंद्रसिंह जादौन, अभय मंडलोई, शंकर मंडलोई, निर्मला तिवारी, सुनीता गायकवाड, कमलेश सोमानी सहित अन्य प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

## देवास रोलबॉल टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला रोल बॉल एसोसिएशन के सचिव संदीप जाधव ने बताया कि रोलबॉल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 06 से 07 अप्रैल 2024 मेडिकैप्स इंटरनेशनल स्कूल, इंदौर में आयोजित होगी। जिसमें भाग लेने के लिए देवास जिले की टीम में जतिन लॉट, सक्षम सिकरवार, हिमांशु शर्मा, वरुण कुशवाह, ध्रुव चौहान, अक्षत राठौर, हर्षित शेन , हरिप्रिया यादव, शीतल चौधरी, एकता सोलंकी है रेफरी राजवीर ठाकुर, देवराज सांगते, कोच पवन यादव, मेनेजर शैलेंद्र चंद्रवंशी के साथ रवाना हुए। इस अवसर पर प्रेस क्लब सचिव चेतन राठौड़, उपाध्यक्ष पावन पाटिल, अश्विनी जाधव, अर्पणा यादव सह सचिव पावन पाटिल, किरण राव, खुशबू पाटिल, तन्मय मेहता, सूरज वामनिया, रश्मि ठाकुर, हर्षिता कौशल, विशाल सिंह, रैना कौशल, प्रियांशी कदम, उर्वशी मंडलोई, युवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रितिक मुकाती, ऋतुराज सिंह, सुमित शर्मा, उदय भावसार, निखिल सिंह, साक्षी चौहान, प्रियंका ठाकुर, कुमकुम सोलंकी, भावना गुर्जर, गोरेश्वरी राठौर, तनिषा पांचाल सुनील मालवी, लखन योगी, आकाश चौहान, रोहित मालवी, गौरव मालवी, आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय स्तर पिट्टू वर्कशॉप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा नेशनल रेफरी एवं प्रशिक्षक वर्कशॉप, महेश्वरी भवन इंदौर में दो दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई ,जिसमें 12 राज्यों के रेफरी एवं प्रशिक्षको ने हिस्सा लिया। सेमिनार को पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया के टेक्निकल डायरेक्टर कृष्णा गोपाल मिश्रा द्वारा कंडक्ट किया गया।

सेमिनार में सभी को पिट्टू खेल में जो नियम है उनसे सभी को अवगत कराया, देवास जिला पिट्टू संघ से सचिव विवेक बंजारे, कोषाध्यक्ष शिव प्रजापत, सदस्य राहुल भिलाला ने वर्कशॉप में हिस्सा लिया साथ ही नेशनल रेफरी सेमिनार क्वालीफाई किया। वर्कशॉप के समापन अवसर पर समाजसेवी ईश्वर बाहेती, पिट्टू फेडरेशन ऑफ इंडिया महासचिव नवीन गौड़ ,कोषाध्यक्ष हरीश चौबे , पिट्टू फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश सचिव गुलाब सिंह चौहान ,ईश्वर सिंह चौहान ने प्रमाण पत्र वितरित किए।सेमिनार में क्वालीफाई होने पर देवास जिला पिट्टू संघ के संरक्षक सुदेश सांगते , अध्यक्ष कपिल व्यास, उपाध्यक्ष अभिषेक गोस्वामी, रितु व्यास ने बधाई दी।

### किशोर पीढ़ी के स्वास्थ्य व कल्याण के लिए अमलतास में हुई व्याख्यान माला

## डॉ. भाटिया ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शनिवार को अमलतास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल द्वारा किशोरावस्था के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्य अथिति एवं वक्ता डॉ. पूनम भाटिया द्वारा सभी मेडिकल , नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं को संबोधित किया गया। उनके द्वारा बताया गया की आमतौर पर किशोरावस्था में बच्चे बीमार कम पड़ते है लेकिन उनके व्यवहार में बदलाव से आने वाली उनकी मानसिक परेशानियाँ अभिभावक समझ नहीं पाते। कई बार किशोर भी इन परेशानियों को नजर अंदाज कर संभल नहीं पाते,तो ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए तुरंत चिकित्सा सलाह लेना आवश्यक होता है, जिससे चिकित्सको द्वारा उचित जांच कर स्वास्थ्य को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ किया जा सके । शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा ककानी द्वारा बताया गया की अमलतास अस्पताल में भी शिशु रोग विभाग ओपीडी में हर शनिवार को किशोरावस्था के स्वास्थ्य के लिए विशेष परामर्श दिया जा रहा है । अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया द्वारा बताया गया की युवा देश के भविष्य है एवं जिसे बेहतर बनाने के लिए शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ होना बेहद जरुरी है। अमलतास अस्पताल में भी सुप्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ एवं शिशुरोग विशेषज्ञ से कई मरीजो उचित परामर्श के साथ लाभान्वित किया जा रहा है। अस्पताल के डीन डॉ. ए.के. पीठवा द्वारा बताया गया कि डॉ. पूनम भाटिया गत 30 वर्षो से किशोर पीडी का मार्गदर्शन कर रही हैं। डॉ. पीठवा ने अमलतास अस्पताल में दिए गए व्याख्यान के लिए आभार व्यक्त किया । आयोजित कार्यक्रम में, निदेशक डॉ. प्रशांत शिशुरोग के सभी चिकित्सक एवं सभी छात्र उपस्थित थे ।

## सिंध हिन्दू पंचायत ने ध्वज पूजन के साथ किया चेटीचंड महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल चेटीचंड महोत्सव के अंतर्गत पूज्य सिंध हिंदू पंचायत द्वारा विधि विधान से शनिवार को सिंधु भवन ट्रस्ट पर समाज के ब्राह्मणों के सानिध्य में ध्वज पूजन के साथ भगवान झूलेलाल की महाआरती की गई। महाआरती के पश्चात दरिद्र नारायण का भंडारा आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या दरिद्र नारायणों ने प्रसादी ग्रहण की।

समाज अध्यक्ष अनिल पंजवानी, सचिव अशोक पेशवानी ने बताया कि परम्परानुसार इस वर्ष भी चेटीचंड महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। रविवार को प्रातः 9 बजे श्री मोहनधाम मंदिर जयप्रकाश मार्ग पर भगवान झूलेलाल की आरती के पश्चात विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें सभी हाथों में भगवा ध्वज लिए चलेंगे और आयो लाल झूलेलाल बेडा ही पार का जयघोष करते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए उज्जैन रोड स्थित सिंधु भवन ट्रस्ट पर पहुंचेगी। महिला मंडल, सिंधू युवा मंडल, समाज के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों ने समाज जनों से अपील की है कि रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

रात्रि में सिंधु भवन ट्रस्ट पर फूड फेस्टिवल एवं सिंधी समाज का मिलन समारोह आयोजित किया गया है, जिसमें ग्वालियर की पार्टी द्वारा जीवन पर्यंत पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय तलरेजा ने दी।

खबर संक्षेप

## 9 अप्रैल से आरंभ होगा एकादश कुंडीय श्रीराम महायज्ञ



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में एकादश कुंडीय श्रीराम महायज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन आगामी नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक आयोजित होना है। अब तक 232 मंदिरों के जीर्णोद्धारक संत स्व. काशी प्रसाद कटारे के शुभाशीष से धर्मरक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे के संचालन में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। शुक्रवार को पंडित श्री कटारे बाबा सहित समिति के अन्य सदस्यों ने यहां पर बनाई जा रही यज्ञ शाला के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। पंडित श्री कटारे द्वारा यहां 74 वें मंदिर का जीर्णोद्धार नव निर्माण कार्य संपन्न कराया जा रहा है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नव निर्मित मंदिर में भव्य सिंहासन पर श्रीराम दरबार, खेड़ापति श्री हनुमान, शिव परिवार एवं एकादश श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। खेडापति माता की प्राण-प्रतिष्ठा एकादश कुण्डिय श्रीराम महायज्ञ के माध्यम से धर्मरक्षक श्री कटारे बाबा के संचालन में नई एवं पुरानी चंदेरी के सभी ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न होने जा रहा है। आगामी नौ अप्रैल से होने वाले इस दिव्य आयोजन में 16 अप्रैल को श्रीराम जी की भव्य बारात शाम पांच बजे अयोध्यापुरी चंदेरी से जनकपुरी पिपलिया मीरा प्रस्थान करेगी। 17 अप्रैल रामनवमी को पूर्ण आहुति के साथ प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न होगी। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### शांति नगर के रहवासी भी बार-बार के जाम से परेशान

# बंपर आवक से कृषि मंडी की व्यवस्था ध्वस्त उपज लेकर आए किसान होते रहे परेशान



बंपर आवक के चलते कन्नौद रोड मार्ग पर निकलने में आ रही परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जहा बीती दिवस 4 अप्रैल गुरुवार को आष्टा कृषि उपज मंडी में भारी आवक थी। जिसमें से लगभग 28 हजार क्विंटल ऊपज की ही नीलामी हों पाई थी। और रात्रि में लगभग 8 से 10 हजार क्विंटल ऊपज शेष रह गईं थी,जो रात्रि में मंडी प्रांगण में ही रोकी गई। वही शुक्रवार को फीर मंडी में रिकार्ड आवक देखने को मिलीं।

हालत ऐसे रहे की रात से ही कन्नौद रोड पर मंडी के बाहर ऊपज से भरे ट्रैक्टर ट्रालीयो की लंबी चौड़ी लाइने लगना शूरू हों गईं और देखते ही देखते मंडी के अंदर से लेकर कन्नौद रोड, शांति नगर में ऊपज से भरे ट्रैक्टर ट्रालीयो खड़े थे। देखा जाय तो शुक्रवार को कृषि उपज मंडी में इस सीजन की सबसे अधिक रिकार्ड तोड़ आवक सामने आईं है और इस रिकॉर्ड तोड आवक होने से मण्डी प्रशासन की तमाम व्यवस्था ध्वस्त होते हुऐ नजर आईं या यह कहें की इस रिकॉर्ड तोड आवक के सामने मंडी प्रशासन की सारी व्यवस्था बोनी साबित हुईं!दरअसल देर रात से जो किसान ट्रेक्टर ट्राली में उपज लेकर आए थे वह दिनभर परेशान होते हुऐ नजर आएं जहां कड़ाके की धूप में इन किसानों के लिए कोई पानी की व्यवस्था मण्डी समिति द्वारा देखने को मिलीं ना अन्य कोई व्यवस्था किसानों के लिए नजर आईं! मंडी का परिसर भी इस बंपर आवक में दिन भर खचाखच भरा रहा।वहीं कर्मा जयंती होने के कारण व्यापारीयो ने दोपहर 1:00 बजे बाद नीलम कार्य शुरू किया।

एसडीएम और एसडीओपी पहुंचे मंडी, व्यवस्थाओ का लिया जायजालिहाजा मंडी में भारी आवक तथा किसानों की हो रही असुविधाओं को देखते हुए सूचना मिलने पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय भी कृषि उपज मंडी में पहुंची तथा व्यवस्थाओं को सुचारू रूप देने में लगी रही। इस दौरान सुबह से लेकर दोपहर तक किसान कड़ाके की धूप में मंडी प्रांगण में मंडी के आगे और पीछे दोनों और जो ट्रैक्टर ट्राली की लाइन लगी थी उन में किसान परेशान होते रहे। धूप से बचने के लिए किसान ट्रालियों के नीचे बैठे देखे गए। वही रात्रि में ट्रैक्टर ट्रालियों को शांति नगर की ओर डायवर्ट किया गया था जिसके कारण शांति नगर कॉलोनी के रह वासियों को भी भारी आसुविधा और परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन घरों के सामने लग जाने के



कारण उन घरों के लोगों को काफी असुविधा तो हुई है लेकिन वे लोग घरों से बाहर निकलने में भी परेशान हुए। वही जिन घरों के नागरिक अपने वाहन घरों से बाहर निकलना चाह रहे थे लेकिन ट्रैक्टर ट्रालियों लग जाने के कारण वह वाहन भी बड़ी मुश्किल निकाल पाए।

कुल मिलाकर भारी अवस्थाएं आष्टा कृषि उपज मंडी एवं मंडी में जाने के दोनों मार्गो पर भारी अवस्थाएं नजर आई। प्रशासन के आला अधिकारियों ने जो अव्यवस्थाएं देखी उसको लेकर क्या ऐसी कोई व्यवस्था में सुधार किया जाएगा कि आने वाले समय में भारी आवक के दौरान इस तरह की अव्यवस्थाएं ना हो और किसान ,व्यापारी कोई भी परेशान ना हो।

# जल संकटः साइकल से तो कोई बैलगाड़ी से ढो रहा पानी

### कई सालों से अधूरी पड़ी नल-जल योजना



**जावर।** हैंडपंप में भी सूखा पानी, पानी एकत्रित होने का इंतजार करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर के ग्राम कजलास के लोग ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण अप्रैल माह की शुरुआत में ही पानी को लेकर परेशान है ग्राम कजलास में मार्च अप्रैल माह में यह स्थिति है तो मई जून की हालत गर्मी में क्या हाल होंगे।

इस बात का अंदाजा लगाना लोगों के लिए आसान होगा इस गांव के लोग पीने के पानी के लिए सुबह से ही पानी की तलाश में गांव से कहीं किमी दूर बहार ट्युबवेलो पर पानी भरने पहुंच जाते हैं लेकिन इसके विपरीत संपन्न परिवारों ने तो निजी पैसे से लोगों के ट्युबवेलो से पाइपलाइन बिछाकर अपने घरों तक पानी की व्यवस्था कर ली है। हालांकि यह लोग भी अच्छी खासी रकम का भुगतान कर पानी लेते हैं जबकि ग्राम पंचायत ग्राम के जल संकट को लेकर सजक नहीं है। इस बात का रोष आम लोगों में देखा जा सकता है। ग्राम पंचायत कजलास में एक करोड़ सात लाख 85 हजार की नल जल योजना स्वीकृत होने के बाद भी गांव पानी के लिए तरस रहा है। ग्राम कजलास के लोगों ने बताया कि इतनी बड़ी नल जल योजना स्वीकृत हो चुकी है। टंकी भी बनकर कंप्लीट हो चुकी है।

लेकिन नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है इंजीनियर द्वारा लापरवाही सामने नजर आ रही है पिछले वर्ष जिला कलेक्टर ग्राम कजलास पहुंचे थे इस दौरान कजलास मैं लगभग 5000 आबादी है लेकिन आज भी यहां के लोग पानी के लिए तरस रहे हैं।

### हैंडपंप भी हुए बंद

कजलास गांव में पीएच ई विभाग द्वारा लगभग 12 हैंडपंप लगाए थे लेकिन 1 या 2 हैंडपंप ही चालू है बाकी सभी हैंडपोमों का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण धीरे-धीरे बंद हो चुके हैं गांव में पानी की समस्या मार्च से ही उत्पन्न हो रही है ग्राम के लोगों का कहना है कि गांव में पानी की टंकी तो बनाई गई लेकिन टंकी से अभी तक लोगों के घरों तक पानी अभी तक नहीं पहुंचा।

### कृषि विस्तार अधिकारी विश्वकर्मा का निधन



**जावर।** नगर के वरिष्ठ शिक्षक शिवचरण विश्वकर्मा भाटीखेड़ा के बड़े भाई बाबूलाल विश्वकर्मा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर सीहोर में पदस्थ थे। जो गत दिनों सड़क दुर्घटना में घायल हो गये थे। जिनका लंबे समय से भोपाल में उपचार चल रहा था। उपचार के दौरान मंगलवार को निधन हो गया। स्व. बाबूलाल विश्वकर्मा के निधन की सूचना नगर सहित क्षेत्र व समाजजनों को मिलते ही शोक की लहर छा गई। जिनका बुधवार को सीहोर के ब्रह्मपुरी स्थित विश्राम घाट पर दाहं सस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र राकेश विश्वकर्मा ने दी। इस दौरान उपस्थित समाजजनो व नगर के लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए दुःख से उनको लडने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की।

# मां कर्मा देवी की जन्म जयंती पर साहू समाज ने निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

तेलिक साहू समाज की आराध्य देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी के 1008 वे जन्म जयंती महोत्सव को साहू समाज ने बड़े ही धूमधाम से मनाया स्थानीय साहू मैरिज गार्डन पर सभी समाज बंधुओ ने एकत्रित होकर मां कर्मा देवी के जन्मोत्सव पर आपस में बधाई और शुभकामनाएं दी और माता जी की पूजन कर एक शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली जिसमे माता कर्मा जी का भव्य सजा हुआ रथ आकर्षण का केंद्र रहा जिसमे मां कर्मा जी का चित्र और लड्डु गोपाल जी विराज मान रहे जिनका समाज और अन्य संस्थाओं द्वारा जगह जगह पूजन कर पुष्पहारों से स्वागत किया ।। शोभायात्रा में पुरुष महिलाए और बच्चे नृत्य करते हुए आनंद लेते हुए चल रहे थे शोभायात्रा का समापन पुनःसाहू मैरिज गार्डन पर हुआ जहां पर माता जी का पूजन अर्चन हवन इत्यादि संपन्न हुए तत पश्चात भोजन प्रसादी वितरण हुआ। कार्यक्रम में साहू समाज के अध्यक्ष कमलेश साहू समाज के वरिष्ठ मांगीलाल प्रहलाद घासीराम बाबूलाल जी कैलाश सुरेश चंद्र गुलाब चंद्र जी मांगीलाल जी राधेश्याम जी मनोहर अशोक भारत जी संतोष जी लखन गोदी पारस जी शंकर लाल जी लखन जितेंद्र पंकज साहू सेलेंद्र साहू जी सतीश कमलेश राठौर रूपेश राठौर मनोज साहू उमेश साहू नीरज साहू दिलीप साहू अर्जुन साहू अनिल साहू राजपाल साहू नीरज साहू और समाज के सभी बंधुवर व मात्र शक्ति उपस्थित रहे।

### कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

**आष्टा।** जनपद पंचायत आष्टा में पुलिस विभाग के कर्मचारियों को आदर्श आचार संहिता के पालन करने एवं निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईडीसी पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी आकाश अमलकर सहित पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का अनुसूचित जाति मोर्चा ने किया स्वागत



**आष्टा।** भारतीय जनता पार्टी आष्टा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता सम्मेलन में आष्टा आए मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद आष्टा से खातेगांव कन्नौद जाते वक्त कन्नौद रोड पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चे के अध्यक्ष मनोहरसिंह मालवीय के नेतृत्व में मोर्चे के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान का भव्य स्वागत और सम्मान किया। शिवराजसिंह चौहान अपने वाहन से उतरे तथा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मनोहरसिंह मालवीय में बताया कि इस अवसर पर अनुसूचित जाति मोर्चे के कार्यकर्ता तेजसिंह चोहान फूडरा, नारायण सिंह कलाकार खड़ी, शोभालासिंह शेखुखेड़ा,मांगीलाल पूर्व सरपंच झीलेला, बाबूलाल राणा मंडल अध्यक्ष मैना, मानसिंह, जीवन सिंह, रेवाराम, कालू सिंह, फूल सिंह, गोविंद सिंह कवटिया, आसाराम ग्वाली, बोन्द्रसिंह पूर्व सरपंच, करणसिंह पचलसिया, आत्माराम सोलंकी,नरबदसिंह धरमपुरी, मांगीलाल करनजा कुरावर, अमर सिंह, हरि नारायण, देवनारायण मालवीय, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बारिश के कारण कम उत्पादन के चलते खरीदी केंद्रों पर सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 25 मार्च से चालू की गई थी। लेकिन इस वर्ष गेहूं के उपज कम होने के कारण गेहूं खरीदी केंद्र पर आवक कम आ रही है। केंद्र पर आए हुए किसानों ने बताया की इस वर्ष मोसम की मार के कारण गेहूं का उत्पादन कम हुआ है। 4-5 दिन तक इतनी ज्यादा धुंधार बारिश हुई की गेहूं बारीक हो गया।

जो गेहूं 10 से 15 क्विंटल बीघा होने का था वह 5 से 7 क्विंटल बीघा ही निकला। इस कारण केन्द्र पर गेहूं की आवक कम आ रही है। 25 मार्च से 5 अप्रैल तक सिद्धिगंज सेंटर मां बिजासन वेयरहाउस पर 11000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। वही खाचरोद सेंटर पर मां नर्मदा वेयरहाउस पर 10000 क्विंटल गेहूं की आवक रही। खामखेड़ा सेंटर पर पलक वेयर हाउस पर 8000 क्विंटल गेहूं की आवक रही।

किसानों के लिए शासन द्वारा गेहूं साफ करने की ग्रेडिंग मशीन लगाई गई। लेकिन वह खराब पड़ी है। जिससे गेहूं की सफाई नहीं हो पा रही है। तीनों सेंटर के प्रभारी संतोष कुमार जैन, तुलसीराम बाड़ोलिया, कमल सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा ने सभी किसानों से अपील की है कि वह अपना गेहूं साफ कर के व सुखाकर लाऐ।

### शासकीय विद्यालयों में बच्चों को प्रवेश दिलाने ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जनसंपर्क

# बीआरसी ने गांव में घर-घर जाकर बच्चों व पालकों से की चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नया शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने समीक्षा बैठक में शिक्षा विभाग के समस्त अमले को निर्देशित किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाएं और अधिक से अधिक बच्चों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश व शाला में शत प्रतिशत बच्चो की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। शिक्षक समय से शाला पहुंचकर अध्यापन कार्य कराए। इसी के तहत आष्टा बीआरसीसी तरुण बैरागी, बीएसी मनोज विश्वकर्मा, बीएसी फूलचंद साकंले, जनशिक्षक राकेश सूयवंशी, जनशिक्षक शेषपाल ठाकुर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क किया और ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पालकों से संपर्क कर अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को शासकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने और नियमित रूप से बच्चो को शाला भेजे इसके लिए प्रेरित किया। आगे भी इस प्रकार के संपर्क जनशिक्षक द्वारा इस स्थान पर पदस्थ शिक्षक के साथ किए जायेंगे जिससे शाला में बच्चो की अधिक से अधिक उपस्थिति सुनिश्चित की जा सके। बीआरसी में यू डाइस से संबंधित एक विशेष बैठक रखी गई जिसमें सभी शाला के शाला प्रमुख एवं ऑपरेटर को निर्देशित किया गया कि यू डाइस प्रोफाइल अपडेशन पेंडेंसी को जल्दी से जल्दी अपडेट करें।

# अग्निपथ योजना को लेकर किया मार्गदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में शासन द्वारा लागू की गई अग्निपथ योजना के लिए महाविद्यालय की स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन योजना प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्यक्रम में क्रीड़ा अधिकारी नीतू परवाल द्वारा अग्निपथ योजना के बारें में चाही गई चयन संबंधित निर्देश, चयन संबंधी योग्यता, प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार शुक्ल द्वारा लिखित परीक्षा के पाठ्यक्रम व उसकी तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिये महाविद्यालय के बीए प्रथम वर्ष के अग्निवीर में चयनित छात्र प्रवीण पोरवाल द्वारा अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं व स्टॉफ उपस्थित रहा।

### अमानपुरा पंचायत के बाशिंदे बोले हफ्ते भर में समस्या नहीं सुलझी तो नहीं करेंगे मतदान

# जल निगम से नाराज ग्रामीणों ने दी चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जल निगम एवं पीएचई द्वारा हर घर नल से जल पहुंचाने बनी जल जीवन मिशन योजना की विभिन्न कमियों, अव्यवस्थाओं से शुरूआत में ही ग्रामीणों में अक्रोश व्याप्त है। खिलचीपुर जनपद की अमानपुरा पंचायत के तहत आने वाले गांवों के ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर एक हफ्ते में नल कनेक्शन, पाइप लाइन से खोदी सड़क की कमियां पूरी नहीं करवाई गई तो कोई भी ग्रामीण लोकसभा चुनाव में मतदान नहीं करेगा। अमानपुरा पंचायत के देवपुर, छतरपुरा, अमानपुरा के ग्रामीणों ने बताया कि कुछ महीने पहले उन्होंने पीने की पानी की समस्या को लेकर विभाग को अवगत कराया था लेकिन समस्या का कोई हल अभी तक नहीं निकल पाया है। ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

#### सड़कें खोदी लेकिन नहीं करवाया मेंटेनेंस

ग्रामीणों ने बताया कि कुंडालिया नल जल परियोजना के तहत जल निगम द्वारा तय एजेंसी ने सीसी सड़कें खोदकर पाइप लाइन तो बिछा दी लेकिन खोदी गई सड़कों पर पुनः सीसी नहीं करवाई गई है। ऐसे में खुदी हुई सड़क पर लगातार पानी बहता रहता है एवं सड़कें कीचड़ से लबरेज हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन तो बिछा दी गई है लेकिन अभी तक नलों का प्रॉपर कनेक्शन नहीं करवाया गया है। ऐसे में सैकड़ों ग्रामीण पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं। पेयजल की कमी के चलते



आसपास के अन्य स्त्रोतों व ग्रामों में जाकर पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। कई बार दूषित एवं मटमैला पानी पीना हमारी मजबूरी बन गई है।

#### चौपाल में लिया चुनाव बहिष्कार का निर्णय

समस्या का समाधान नहीं होने पर शुक्रवार को ग्रामीणजन चौपाल में एकत्रित हुए। सभी ने आपस में विचार-विमर्ष कर निर्णय लिया कि अगर 7 दिवस में पीने की पानी की व्यवस्था एवं खुदी हुई सड़कों को रिपेयर नहीं करवाया गया तो आगामी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया जाएगा। पंचायत के दुलेसिंह, मनोहर लाल, विष्णुसिंह सहित अन्य ने बताया कि उक्त समस्या को लेकर सभी ग्रामीण एकमत हैं और प्रशासन से समस्या के निराकरण की मांग करते हैं।

**दिखवाता हूं...**

मैं अमानपुरा व जिन ग्रामों में समस्या है वहां अपनी टीम भिजवाकर दिखवाता हूं। अगर कमियां हैं तो उनका हल करवाया जाएगा।

- **अरविंद धाकड़,** डीजीएम, जल निगम, राजगढ़

# नलों में आ रहे दूषित पानी को लेकर नगर परिषद अमला पहुंचा प्लांट पर

### लंबे समय से मिल रही थी पानी की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

लंबे समय से माचलपुर नगर के बाशिंदों को नलों में दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। जिससे माचलपुर नगर के नागरिकों में खासी नाराजगी देखी जा रही है। एक ओर नागरिक नगर परिषद को इस दूषित पानी के लिए जिम्मेदार बता रहे हैं, वहीं नगर परिषद जल निगम पर इस दूषित जल सप्लाई का ठीकरा फोड़ रही है।

जानकारी के अनुसार माचलपुर नगर में लगभग दो हजार जल उपभोक्ता हैं। लंबे समय से मिल रही दूषित पानी की शिकायत के निराकरण के लिए शुक्रवार को माचलपुर नगर परिषद सीएमओ मनोज नामदेव, उप यंत्री गोविंद सिंह चौहान, पार्षद पवन राठौर सहित अन्य लोगों द्वारा कुंडालिया



डेम पहुंचकर वास्तविकता देखी। सूत्रों की मानें तो कुंडालिया डेम से माचलपुर के लिए दिए जा रहे पानी की स्वच्छता ही संदेह के घेरे में निकली। कुंडालिया डेम से सप्लाई किए जा रहे पानी में पर्याप्त मात्रा में फिल्टर केमिकल नहीं डाला जा रहा है। एसा वहां पदस्थ इंजीनियरों और



कर्मचारियों का मौखिक कथन हैं।

#### पाइप लाइन लीकेज

सूत्रों की मानें तो माचलपुर नगर में दूषित पानी की वजह पर्याप्त फिल्टर केमिकल नहीं मिलाया जाना बताया जा रहा है। हालांकि यह मौखिक कथन हैं। वहीं जब इस विषय में जल निगम के महाप्रबंधक एसके जैन से बात की गई तो उनका कहना था कि तीन जगह पाइप लाइन लीकेज होने से दूषित पानी आ रहा था। चार छह घंटों में लीकेज सही करने के बाद शुद्ध पानी आना शुरू हो जाएगा।

## खुजनेर के खिलाड़ियों ने बढ़ाया जिले का मान

**खुजनेर।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में 29 मार्च से 2 अप्रैल तक भारतीय जुजित्सु संघ के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर जुजित्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खुजनेर नगर की स्पोट्र्स कराते क्लब के 6 खिलाड़ियों 1 स्वर्ण 1 रजत 5 कांस्य पदक प्राप्त किया पदक प्राप्त खिलाड़ियों में शिखा नागर, दिव्यांशी जोशी, जानवी पिता विष्णु प्रसाद कुशवाह, ऋषभ पिता जयप्रकाश खरे, आलोक पिता गिरिराज कुंभकार, व मानव पिता विष्णु प्रसाद कुशवाह ने अपने वजन समूह के लड़ कर श्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। वहीं इनके कोच कपिल खरे ने राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका निभाई व इनके कोच सेंसाई कपिल खरे ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 28 राज्यों के 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने इसमें भाग लिया व सभी पदक प्राप्त खिलाड़ी आगामी राष्ट्र मण्डल खेल व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे साथ यह खेल भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त खेल है व इन सभी खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मध्यप्रदेश जुजित्सु संघ के अध्यक्ष सेंसाई विजेंद्र खरसोदिया व महासचिव सेंसाई रोहिणी कलम मेंम व इनके परिजनों इष्टमित्रो व स्पोट्र्स कराते क्लब के सभी राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने नगर आगमन पर हार माला पहनाकर बधाई व इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मेडिकल बोर्ड से फिट, अनफिट प्रमाण-पत्र बनवाना है जरूरी

# चुनाव ड्यूटी कैंसिल करवाने की फिराक में लगे हैं कुछ कर्मचारी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी दिनों में लोकसभा निवार्चन होने हैं। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कर्मचारियों के प्रशिक्षण सहित अन्य सभी तरह की तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं। संपूर्ण निवार्चन को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न करवाने लगभग सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी विभिन्न कार्यों हेतु लगाई गई है। लेकिन, कुछ कर्मचारी चुनावी ड्यूटी से बचने इसे निरस्त करवाने फिराक में भी हैं। यही कारण है कि प्रशासन के पास ड्यूटी कैंसिल करवाने के लिए अब तक अनेकों आवेदन पहुंच चुके हैं। यद्यपि, कुछ कर्मचारियों को गंभीर बीमारी भी है जिसकी वजह से वे ऐसा कर रहे हैं। परन्तु अनेक ऐसे भी हैं जो इस ड्यूटी को कैंसिल करवाने नेताओं सहित अपने चहेते अफसरों के यहां भी पहुंच रहे हैं।

#### मेडिकल बोर्ड में लगी भीड़

चिकित्सकीय कारणों से ड्यूटी कैंसिल करवाने के लिए मेडिकल बोर्ड के प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होती है। ऐसे में शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में लगे बोर्ड में पूरे दिन अनेकों कर्मचारी (ज्यादातर शिक्षक) वहां लाईन में लगे देखे गए। उक्त मेडिकल प्रमाण-पत्र के लिए रोगी कल्याण समिति काउन्टर से 150 रुपए की रसीद भी कटवाना अनिवार्य था। ऐसे में कर्मचारियों का कहना था कि विकलांगों या बीमार कर्मचारियों से यह राशि लिया जाना कहां तक उचित है।

**समाज की प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का भी हुआ सम्मान**

# मां कर्मा के जयकारों के साथ साहू समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

तैलिक साहू समाज की आराध्य देवी मां कर्मा की जयंती को जन्मोत्सव के रूप में मनाते हुए नगर के समाजजनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खुजनेर रोड स्थित मां कर्मा देवी के मंदिर में प्रातः पूजा-अनुष्ठान, महाअभिषेक एवं यज्ञादि संपन्न हुए। दोपहर में घूमघाटी स्थित पुरानी धर्मषाला से नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो किला क्षेत्र, तुल्ली चैक, मेन मार्केट, नाका नंबर 3, बाईपास होते हुए नवीन धर्मषाला पहुंचकर समाप्त हुई।

शोभायात्रा में समाज की महिलाएं, युवतियां भजनों, गीतों पर नृत्य करते हुए साथ चल रही थीं वहीं पुरुषजन माता के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। नगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व अन्य संस्थाओं द्वारा स्थान-स्थान पर शोभायात्रा का स्वागत, अभिनंदन किया गया। शोभायात्रा के धर्मषाला पहुंचने पर समाज की युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया वहीं वरिष्ठजनों का भी सम्मान किया गया। सामाजिक उत्थान के अन्य विषयों पर समाजजनों द्वारा चर्चा करते हुए आगामी आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई। अंत में सभी को प्रसादी वितरण करवाया गया।

# नपा ने नदी से पानी चोरी कर रहे मोटर पंप जब्त किए



**सारंगपुर** । नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, सभापति प्रतिनिधि बाबू अहिरवार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह डोडिया के निर्देशानुसार सारंगपुर स्थित कालीसिंध नदी में जल भराव क्षेत्र में नदी के दोनों तटवर्ती क्षेत्र पूर्वी एवं पश्चिमी भाग के किनारों पर नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कृषक द्वारा विद्युत मोटर पंप आदि लगाकर कृषि कार्य हेतु नदी से पानी लिया जा रहा था, जिससे नदी का जलस्तर तीव्र गति से कम होता जा रहा था। उक्त पेयजल चोरी को दृष्टिगत रखते हुए एवं नगर की जल प्रदाय व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने हेतु नगर पालिका अमले द्वारा नदी के दोनों किनारों पर कृषको द्वारा लगाई गई 5 मोटरों को जप्त किया गया। उक्त कार्य मे उपयंत्री विक्की ब्राहमणे राजकुमार गिरजे, गोकुल पुष्पद, गोपाल अहिरवार सहित जलप्रदाय शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे। साथ ही कहा की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी एवं मोटर पम्पों को जप्त किया जाएगा।

# राम जन्मोत्सव भव्यता से मनाने पुष्पद समाज की बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

चैत्र नवरात्र उपरान्त आ रहे मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जन्मोत्सव को भव्यता से मनाने को लेकर फूलमाली समाज की बैठक समाज की धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में तय हुआ कि 18 अप्रेल को बड़े पुल स्थित वीर खेड़ापति हनुमान मंदिर से भव्य चल-समारोह का आयोजित किया जाएगा। यह चल समारोह नगर भ्रमण उपरान्त काशीपुरा क्षेत्र स्थित राम-जानकी मंदिर पहुंचेगा एवं आरती उपरान्त समाज की धर्मशाला पहुंचकर समाप्त होगा। समाज के अध्यक्ष गोपाल पुष्पद ने बताया कि धर्मशाला में जनप्रतिनिधियों व समाज के गणमान्यजनों का सम्मान किए जाने का भी निर्णय बैठक में लिया गया।

### तैयारियों का जायजा लिया

# मुख्यमंत्री आज राजगढ़, पार्टी के जिला सम्मेल में होंगे शामिल



**राजगढ़।** लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता चुनाव संबंधी तमाम तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में जुट चुके हैं। इसी कड़ी में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों को मार्गदर्षित करने सहित अन्य तैयारियों को 7 अप्रेल को मुख्यालय पर पार्टी का पहला चुनावी जिला सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस सम्मेलन में शिरकत करने पहुंचेगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा सम्मेलन स्थल पर विभिन्न तैयारियों का जायजा लिया गया। यह सम्मेलन प्रातः 11 बजे से होटल संस्कृति में आयोजित होगा। कार्यक्रम में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग भी शामिल होंगे। विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं को इस संबंध में आवष्यक निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिध शेलेष गुप्ता, रमेश तंवर, आशीष श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे।

# अलविदा जुम्मा की नमाज में मांगी देश के लिए अमन चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



शहर में मुस्लिम धर्मावलंबियों की सबसे पवित्र माह रमजान उल - मुबारक का आखिरी जुम्मा यानी अलविदा जुम्मा की नमाज अकीदतमंदों ने बड़ी अदबो एहतराम के साथ शुक्रवार को अदा की। शहर के सुभाष चैक स्थित जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज अदा की गई।

हर एक रोजेदार की आंखें रमजान की विदाई पर नम नजर आ रही थी।सैकड़ों की तादाद में रोजेदारों ने सजदे में सिर झुकाया। खुदा की इबादत के जज्बे से लबरेज रोजेदारों ने मुल्क की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं की। सुबह से ही अलविदा जुमा की तैयारियां शहर की जामा मस्जिद में शुरु हो गई थीं। रोजेदारों ने नई टोपी और नया लिबास पहन रखा था। इत्र की खुशबू महक रही थी। जुबान पर अल्लाह का जिक्र करने के साथ ही रोजेदारों ने सुबह से ही मस्जिदों का रुख कर लिया था।लबों पर दरूद-ए-पाक का जिक्र था। नजरों में अल्लाह से बख्शीश की गुहार झलक रही थी। सभी की आंखों में अल्लाह की रहमत की बारिश का इंतजार था। हर कोई इस दिन खुदा की रहमतें पाने आया था। दुआ में अमन की अपील की जा रही थी। ऐ अल्लाह! तू हम सबकी परेशानियों को दूर फरमां। हमने जो पूरे रमजान इबादत की है,रोजे रखे हैं,तू उसे अपनी बारगाह में कुबूल फरमा। हमारे देश में अमन और खुशहाली अता कर। हमारे देश को बुरी नजरों से बचा। कौम की तरक्की कर और सभी को ईद की खुशियां अता फरमां। मस्जिद में अलीम साहब ने अपनी तकरीर से रमजान के माह में एक-एक नेकी के बारे में बताया।

# नगर परिषद ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली




**जीरापुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नगर के नागरिकों से अधिक से अधिक मतदान करने की और साथ ही आम नागरिकों से लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

रैली नगर परिषद कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्ग इंदर चौराहे से होती हुई नगर परिषद कार्यालय में आकर समापन हुआ। रैली में कर्मचारी मतदान के लिए नागरिकों को प्रेरित करते चल रहे थे। जहां सभी कर्मचारियों को स्वीप नोडल अधिकारी देवनारायण दांगी द्वारा मतदान के संबंध में शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी महमूद अली खान, स्वीप नोडल अधिकारी देवनारायण दांगी, रमेशचंद्र नाथ, रमेश मालवीय, रामगोपाल दांगी, विशाल दांगी, कमल भावसार, प्रवीण शर्मा भगवान सिंह परिहार, मनोहर दांगी राहुल दांगी जितेंद्र तिवारी सत्यनारायण तिवारी, मनोज शर्मा, कृष्णकांत, मनीष कौशिक, हेमराज दांगी, नीरज मालवीय, आजाद झावा, मोहनलाल झावा, महेश झावा, मनीष झावा आदि कर्मचारी व जन सेवक उपस्थित रहे।

### नदी में आए बाढ़ का पानी तो खतरे में आएगा फिल्टर प्लांट, समीप ही ट्रांसफार्मर

**पटवारी ने पंचनामा रिपोर्ट में लिखा नपा ठेकेदार ने बिना रॉयल्टी किया खनन**

# नगरपालिका ठेकेदार ने बिना रॉयल्टी के किया कालीसिंध नदी के किनारों पर खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

जिले में हो रहे अवैध मुरम बोल्डर खनन की बात की जाए तो सारंगपुर तहसील का नाम सबसे ऊपर ही आएगा। यहां के शासकीय विभाग के ठेकेदार राजस्व विभाग को चूना लगाकर धड़ल्ले से अवैध खनन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। हाल ही में कपिलेश्वर तीर्थ स्थल पर बन रहे घाट निर्माण के लिए नगर पालिका ठेकेदार द्वारा शासन को चूना लगाते हुए बिना परमिशन और बिना रॉयल्टी कालीसिंध नदी का किनारा खोद दिया है।

ज्ञात हो कि ठेकेदार द्वारा किए गए अवैध खनन के समीप ही पानी फिल्टर प्लांट सहित बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर है। जो अब किसी दिन बड़े हादसे में तब्दील हो सकता है। हालांकि राजस्व विभाग के तहसीलदार व पटवारी ने मौके का निरीक्षण किया किंतु अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई होती नजर नहीं दिखाई दी है।



#### समीप ही ट्रांसफार्मर व प्लांट

कालीसिंध नदी के खोदे गए किनारे के समीप ही शहर का मेला प्रांगण, पानी फिल्टर प्लांट सहित बिजली ट्रांसफार्मर है। अगर बारिश के दिनों में कालीसिंध नदी में बाढ़ का पानी आता है तो दिग्विजय शासन काल में करोड़ों की लागत से बना फिल्टर प्लांट को क्षत्रि तो पहुंचेगी, ही साथ ही मेले प्रांगण में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से हादसा होने की आशंका भी बनी रहेगी। अवैध खनन के दौरान किए गए कुआं नूमा आकार के किए गए गड्ढे हादसे का बड़ा कारण बनेंगे। क्योंकि उक्त स्थान पर स्नान करने कार्तिक पूर्णिमा सहित पवित्र माह की अमावस्या पर श्रद्धालुओं की भिड़ उमड़ती देखी जाती है।

#### पटवारी ने पंचनामा में लिखा-हुआ है अवैध खनन

बता दें की अवैध तरीके से खोदे गए नदी किनारे की खबर जब प्रिंट मीडिया में प्रकाशित हुई तो स्थानीय राजस्व अधिकारी तहसीलदार मनोज शर्मा व कस्बा पटवारी आशीष पांडे, दिनेश लोदी ने मौके का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया है। पंचनामे में पटवारी ने उल्लेख किया है कि राजस्व भूमि सर्वे नंबर 111/1,133/1/1 रकबा क्रमांक 17:806, 3:772 पर नगर पालिका ठेकेदार द्वारा बिना परमिशन 3465 तीन मीटर खनन किया है। अब देखना यह है कि अवैध खनन को लेकर कोई कार्यवाही होती है या ऐसे ही मामला साठगांठ कर खत्म हो जाएगा।

**निरीक्षण किया है...**

तहसीलदार और पटवारी ने कपिलेश्वर घाट सहित खनन स्थल का निरीक्षण किया है। हमने नपा को नोटिस जारी कर सीएमओ को संबंधित एजेंसी के साथ उपस्थित होने को कहा है।

**संजय उपाध्याय,** एसडीएम सारंगपुर।